BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, फायर प्रीवेंशन वीक की 100वीं वर्षगांठ मना रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 अक्तूबर, 2022) – 9 से 15 अक्तूबर तक, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, जिसमें ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services) और इवेंट प्रायोजक एनब्रिज गैस (Enbridge Gas) और डोमिनोज (Dominos) शामिल हैं, कम्युनिटी को आग से सुरक्षित रहने और तैयारियों पर शिक्षित करने में मदद करने के लिए आग से सुरक्षा सप्ताह (Fire Prevention Week) की 100वीं वर्षगांठ को मना रहे हैं।

जैसे कि नैशनल फायर प्रोटेक्शन एसोसिएशन (एन.एफ.पी.ए.) (National Fire Protection Association) (NFPA) के द्वारा घोषणा की गई है, इस वर्ष का विषय है, "आग इंतजार नहीं करेगी। अपनी बचकर निकलने की योजना बनाएं!" यह विषय हर किसी को उन आसान परंतु महत्वपूर्ण कार्रवाईयों के बारे में जानकारी देने के लिए है, जो वे खुद को और अपने आसपास के लोगों को घर में लगने वाली आग से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

**घर से बचकर निकलने की योजना बनाना**

- निवासियों के पास एक होम फायर एस्केप प्लान (घर में आग लगने पर बचकर निकलने की योजना) (Home Fire Escape Plan) होना चाहिए और वर्ष में दो बार इसका अभ्यास करना चाहिए
- अपने घर के सामने बाहर की तरफ मिलने की जगह तय करें
- प्रत्येक कमरे में से निकलने के दो तरीकों की योजना बनाएं
- पालतू जानवरों सहित, कोई भी चीज लेने के लिए वापस अंदर न जाएं
- बाहर निकलें, बाहर ही रहें! आग लगने पर तुरंत 9-1-1 पर फोन करें!

फायर प्रीवेंशन वीक की 100 वर्षीय वर्षगांठ मनाने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन पूरे शहर में फायर स्टेशनों में ओपन हाउस आयोजित कर रही है। 10 वर्षों तक चलने वाले धुएं और कार्बन मोनऑक्साइड के मेल वाले अलार्म प्राप्त करने के लिए, पहले 50 परिवारों में से एक बनें। फायर ट्रकों और स्टेशनों के टूर भी करवाए जाएंगे।

**ओपन हाउस**

मंगलवार, 11 अक्तूबर, 2022, दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक
aLocation Station 210, 10530 Creditview Road

बुधवार, 12 अक्तूबर, 2022, दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक
Location Station 206, 7880 Hurontario Street

बुधवार, 12 अक्तूबर, 2022, दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक
Location Station 207, 75 Vodden Street East

वीरवार, 13 अक्तूबर, 2022, दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक
Location Station 209, 2691 Sandalwood Parkway East

शुक्रवार, 14 अक्तूबर, 2022, दोपहर बाद 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक
Location Station 202, 280 Bramalea Road

**लिंक**

- होम एस्केप प्लान (Home escape plan)
- होम एस्केप प्लान (मल्टी-लैंग्वेज) (Home escape plan) (multi-language)

**हवाले**

"चूंकि हम फायर प्रीवेंशन वीक की 100वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि आग से सुरक्षा और जानकारी, ब्रैम्पटन को स्वस्थ और सुरक्षित शहर बनाने में योगदान देती है। मैं हमारे निवासियों को सलाह देता हूं कि फायर प्रीवेंशन वीक के दौरान ओपन हाउसों में जाएं और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए, अपने खुद के घर में आग से बचकर निकलने की योजना बनाएं।"
- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सुरक्षा आपसे शुरू होती है। मैं निवासियों को सलाह देती हूं कि अपनी सुरक्षा के बारे में अधिक से अधिक सक्रिय रहें और घर में आग लगने पर बचकर निकलने की योजना बनाएं क्योंकि यह जिंदगियां बचा सकती है। अधिक जानकारी के लिए, फायर प्रीवेंशन वीक के दौरान अपने लोकल फायर स्टेशन में, हमारे ओपन हाउसों में जाएं!"
- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"घर में आग लगने पर बचकर निकलने की योजना होना, आग से होने वाली मौतों और चोटों को कम करने के लिए बेहद जरूरी है। योजना बनाने और अपने परिवार के साथ मिलकर इसकी समीक्षा करने के लिए समय निकालें, ताकि हर कोई जान पाए कि घर में आग लगने की स्थिति में क्या करना है। हम सभी निवासियों को सलाह देते हैं कि फायर प्रीवेंशन वीक के 100 वर्षों का जशन मनाने के लिए, हमारे ओपन हाउसों में जाएं, एक टूर लें और आग से सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करें।"
- *बिल बोएस (Bill Boyes), फायर चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज*

-30-

Media Release

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca